हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 15 अक्टूबर 2025

06 उपज निकली एकड़ प्रति क्विंटल, किसानों ने ...



09 बाजार में रौनक नहीं: महंगाई और ऑनलाइन...







**खबर संक्षेप**



## 766 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 14 अक्टूबर को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 600 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 166 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 112 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

## डिजिटल युग में उपभोक्ता संरक्षण विषय पर वेबीनार आयोजित



**सीहोर।** पीएम एक्सीलेंस शासकीय विधि महाविद्यालय में ₹डिजिटल युग में उपभोक्ता संरक्षण₹ विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों, शिक्षा व्यवस्था एवं उनके संरक्षण की अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में तुलना करते हुए उपभोक्ता शिक्षा की आवश्यकता एवं जागरूकता के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा, डॉ. प्रदीप एस चौहान, प्रो. राजकुमार साहू सहित अन्य प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कभी भी दे सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

**सीहोर** । कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी। बता दें कि पेंशनरों की सहूलियत के लिए अब ईपीएफओ ने नई व्यवस्था की है। इसके तहत कोई पेंशनर साल के जिस महीने में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे, अगले साल इसी महीने में उन्हें अगला प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### समूचे अंचल का किसान कर्ज में डूबा, घर परिवार चलाने के लिए बाज़ार से महंगा कर्ज लेने को मजबूर

# उपज निकली एकड़ प्रति क्विंटल, किसानों ने पीड़ा सुनाते हुए सरकार से की बीमा क्लेम राशि की मांग

किसानों का कहना है कि औसतन एक एकड़ में करीब 90किलों सोयाबीन का उत्पादन रहा है। उसका बाजार भाव 3000 से 3500 रुपये प्रति क्विंटल है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



सोयाबीन की कटाई इस बार किसानों के लिए उम्मीद से कहीं ज्यादा निराशाजनक साबित हो रही है। सामान्य तौर पर प्रति एकड़ खेत में लगभग तीन से चार क्विंटल प्रति एकड़ सोयाबीन निकलती है। लेकिन इस वर्ष मौसम की मार और कीट-रोग के प्रकोप ने हालात ऐसे बना दिए कि उपज घटकर सिर्फ एक क्विंटल प्रति एकड़ हो गई। इसका सीधा असर किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। खेतों में मेहनत और लगानी की गई लागत पूरी तरह डूब गई है।

### किसानों ने सुनाई अपनी व्यथा, सरकार से राहत दिलाने की मुआवजा राशि की मांग की

किसानों का कहना है कि औसतन एक एकड़ में करीब 90किलों सोयाबीन का उत्पादन रहा है। उसका बाजार भाव 3000 से 3500 रुपये प्रति क्विंटल है।

किसानों सीधा 2,000 रुपये का नुकसान हुआ है। जिससे बीज, उर्वरक, कीटनाशक, खरपतवार नाशक, मजदूरी और मशीनरी का खर्चा भी नहीं निकला। यह घाटा सिर्फ इस सीज़न तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अगली फसल की तैयारी और बुवाई पर भी असर डालेगा क्योंकि किसानों के पास नई लागत जुटाने की समस्या खड़ी हो गई है।

### किसान कर्ज में डूबा, घर परिवार चलाने बाज़ार से कर्ज लेने को मजबूर

सोयाबीन की फसल खराब से अब किसानों के सामने दोहरी चुनौती है। एक तरफ घर-परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है और दूसरी ओर अगली फसल के लिए बीज व खाद खरीदने की चिंता भी उन्हें खाए जा रही है। जिन किसानों ने उधारी लेकर खेतों में बुवाई की थी, वे अब कर्ज लौटाने की स्थिति में भी नहीं हैं। यह स्थिति ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बेहद गंभीर है, क्योंकि खेती पर ही गांव के अधिकतर परिवारों की आजीविका टिकी हुई है।

### किसानों ने सरकार से लगाई गुहार, सर्वे कर राहत राशि बीमा, मुआवजा दे

किसानों ने सोशल मीडिया पर आपका दुखड़ा सुनाते हुए सरकार से राहत राशि, बीमा योजना और मुआवजे की मांग की है। उनका कहना है कि जब इतनी बड़ी हानि हुई है तो सरकार को सर्वे कराकर किसानों को राहत राशि दे। वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ऐसे समय में किसानों के लिए मददगार हो सकती है। इस योजना के तहत प्राकृतिक आपदा, कीट या रोग के कारण फसल खराब होने पर किसानों को बीमा राशि दी जाती है। कई किसान इस योजना से जुड़े हुए हैं, लेकिन समस्या यह है कि भुगतान में अक्सर देरी होती है। किसानों की मांग है कि इस बार सर्वेक्षण और भुगतान की प्रक्रिया समय पर पूरी की जाए ताकि वे अगली फसल की तैयारी कर सकें।

### कांग्रेस नेता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री पर कसा तंज

कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल ने कहा केंद्रीय कृषि मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान जी के गृह क्षेत्र बुधनी विधानसभा के किसानों की हालत फसल नुकसान,खाद के अभाव और बीमा राशि भुगतान ओर मुआवजा राशि भुगतान जैसी कई समस्याओं के कारण बहुत कष्ट सहना पड़ रहा हैं। किसानों को अतिवृष्टि और अमानक खाद,बीज के कारण सोयाबीन और मक्का की फसल में जो नुकसान हुआ है। जिससे फसल खराब हो गई है। फसल के खराब होने के कारण किसानों को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान हुआ है और मानसिक आघात पहुंचा है। किसानों को प्राकृतिक आपदा से परेशान हे ही। सबसे ज्यादा किसान तो शासन प्रशासन और उनके कर्मचारियों की कामचोरी और बेरुखी से है। खराब फसलों के सर्वे के लिए संबंधित अधिकारी कर्मचारी अपने केबिन से बाहर ही नहीं निकले हैं।भाजपा के निरंकुश और असंवेदनशील शासन प्रशासन के आलसीपन और निकम्मेपन के कारण ठीक से सर्वे ही नहीं हो पाया है।कई किसानों ने अपनी नुकसान वाली फसल पर सर्वे के अभाव में ट्रेक्टर चला दिए।ऐसे में बेचारे अभागे किसान के नुकसान की भरपाई कौन और कैसे करेगा।भाजपा के अत्याचार, अमानवीयता और निरंकुशता को कांग्रेस पूरी शक्ति के साथ विरोध करेगी और किसानों, आदिवासीयों, दलितों, पिछड़ों के ऊपर किए गए एक एक अत्याचार का हिसाब लेगी और जनता की आवाज बुलन्द करेगी।

# जिले में भावांतर योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे कोई भी पात्र किसानः कलेक्टर

### कलेक्टर ने की राजस्व, कृषि, मार्कफेड और सहकारिता विभाग की गतिविधियों की समीक्षा

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित कर राजस्व, कृषि, मार्कफेड सहित सहकारिता विभाग की गतिविधियों की समीक्षा। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



कलेक्टर बालागुरू के. ने राजस्व एवं कृषि विभाग की गतिविधियों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि जिले में भावान्तर योजना के सफल क्रियान्वयन के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि भावांतर योजना सोयाबीन उत्पादक किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे उन्हें उचित मूल्य की गारंटी प्राप्त होती है। उन्होंने इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई भी पात्र किसान पंजीयन से वंचित न रहे। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पंजीयन केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और योजना से जुड़ी सभी जानकारी पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराई जाए। उनहोंने कहा कि भावांतर योजना के बेहतर संचालन एवं निरीक्षण के लिए जिन अधिकारियों को नोडल अधिकारियों के रूप में नियुक्त किया गया है, वे समय-समय पर निरीक्षण भी करें। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, भू-अभिलेख संधारण एवं न्यायालयीन प्रकरणों की अद्यतन स्थिति पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर बालागुरू के. ने सहकारिता विभाग एवं मार्कफेड की गतिविधियों की समीक्षा के दौरान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, सहकारी समितियों एवं विपणन संघ से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को खाद-बीज के लिए परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि रबी सीजन की तैयारियों के साथ-साथ प्राथमिक कृषि साख समितियों की कार्यप्रणाली को पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाया जाए।

उन्होंने मार्कफेड और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समितियों के माध्यम से किसानों को सभी सुविधाएँ पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराई जाएँ। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि जिले में शासन की किसान हितैषी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

### ताबड़तोड़ महंगाई एवं भूख भय भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता का हाथ अब कांग्रेस के साथः निशांत वर्मा

**सीहोर।** मंगलवार 14 अक्टुबर को शहर (ब्लॉक) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निशांत वर्मा एवं कांग्रेस पार्षद साथी घनश्याम यादव के नेतृत्व में स्थानीय वार्ड क्रमांक 17 में वोट चोर गद्दी छोड़, किसान की फसल का उचित मूल, सीहोर जिले के किसानों को खराब हुई फसल का मुआवजा, फसल की बीमा राशि एवं स्मार्ट मीटर, ताबड़तोड़ महंगाई एवं भूख भय भ्रष्टाचार के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमे बड़ी संख्या में वार्ड के लोगों ने अपने हस्ताक्षर कर भाजपा सरकार में विरोध दर्ज कराया गया।




# स्वच्छ सुपर लीग व वाटर प्लस प्रमाण-पत्र प्राप्त करने पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने किया सम्मान



**बुधनी।** नगर परिषद् ने स्वच्छता के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में स्वच्छ सुपर लीग में स्थान प्राप्त किया है साथ ही वाटर प्लस प्रमाणपत्र भी अर्जित किया है। इस उपलब्धि के लिए नगर परिषद् को 14 अक्टूबर को रवीन्द्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सम्मान देकर पुरस्कृत किया।

इसमें नगर परिषद की ओर से अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय,स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय,मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी, उपयंत्री अजीत तिवारी,सहायक स्वच्छता निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, रघुवीर बडगूजर, गौरव यादव ने सम्मान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नगर परिषद् की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता, नागरिक सहभागिता और सतत प्रयासों की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि ₹बुधनी जैसे नगरों का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यह न केवल स्वच्छ भारत मिशन की भावना को सशक्त करता है, बल्कि जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी को भी उजागर करता है।नगर परिषद् बुधनी द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए नवीनतम प्रयास, जैसे ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सार्वजनिक स्थानों की नियमित सफाई, जन-जागरूकता अभियानों का संचालन, और सामुदायिक सहभागिता ने इस सफलता को संभव बनाया। साथ ही, नगर के सभी नागरिकों, स्वच्छता मित्रों, और प्रशासनिक अधिकारियों के अथक परिश्रम और समर्पण ने नगर को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि तक पहुँचाया।

# पांचवी राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में पदक हासिल करने वाले 90 खिलाड़ियों का नेशनल के लिए चयन

**सीहोर।** शहर सहित आस-पास के प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों को मंच देने और उनकी प्रतिभाओं को निखारने के लिए लंबे समय से मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान एक दिवसीय राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन शहर के इंदौर नाके स्थित बजरंग कालोनी में किया गया। प्रतियोगिता में करीब 250 से अधिक कराटे खिलाड़ी पूरे प्रदेश के शामिल हुए। इनमें से 90 कराटे खिलाड़यिों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए है। इनका चयन महाराष्ट्र में जनवरी में होने वाली नेशनल कराटे प्रतियोगिता के लिए किया गया है।




मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के कोच लखन ठाकुर, श्रीमती विमला ठाकुर के द्वारा इस प्रतियोगिता का सफल किया गया था। प्रतियोगिता के दौरान कलेक्टर बालागुरु के, समाजसेवी अखिलेश राय, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र माहेश्वरी सहित अन्य शामिल हुए।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के दूसरे दौर में बालिका वर्ग में विभिन्न मुकाबले खेले गए थे। इसमें 5-से-6 वर्ष की आयु वर्ग में सीहोर की श्री तिवारी ने प्रथम स्थान, दूसरा स्थान सीहोर विधि मारन, तीसरा स्थान भी सीहोर अश्विका शर्मा, 7 से 8 वर्ष की आयु वर्ग में प्रथम स्थान हरदा की लविका भिलाला, दूसरा स्थान सीहोर शिवन्या सिंह, तीसरा स्थान निमशा झलावा और सुकृति वितारी ने हासिल किया। इसके अलावा 9-से-10 साल की आयु वर्ग में प्रथम स्थान हरदा की नंदनी तंवर, दूसरा स्थान भोपाल की सौम्या मीना के अलावा तीसरा स्थान सीहोर वृन्दा तिवारी-इंदौर की विधिका जाट रही। 11 से 12 की आयु वर्ग में प्रथम स्थान इंदौर अफिया खान, दूसरा स्थान भोपाल की झलक भारती और तीसरा स्थान आकाषि सूर्यवंशी सीहोर, साक्षी चौहान सीहोर। 13 से 14 वर्ष आयु वर्ग में सीहोर की पायल बागवान सीहोर, दूसरा स्थान प्रियांशी वर्मा सीहोर। 15 से 16 वर्ष में प्रथम स्थान हरदा की संध्या सिटोले, दूसरा स्थान सुनीता मीना हरदा, तीसरा स्थान भोपाल की प्रेरणा अहिरवार भोपाल और सीहोर नाजिय शाह रही। जिनका एसोसिएशन की ओर से कोच त्रबंयक ठाकुर, साधना परमार, राशि अग्रवाल, नीतू लोधी, नरेंद्र गौर, शैलेंद्र राय, मोहित कसौटिया, सोनू शर्मा, पंकज वर्मा आदि ने सम्मान किया।

**कार्यालय नगर परिषद जावर जिला-सीहोर (म.प्र.)**
E-mail id:- cmojawar@mpurban.gov.in

क्रमांक /931/न.प. / 2025 जावर, दिनांक 13.10.2025

**दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु सार्वजनिक सूचना**
**(चतुर्थ सूची)**

एतद् द्वारा समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र जावर में वार्ड क्र.01 से 15 तक में मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग म.प्र. भोपाल के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री आवास शहरी 2.0 (बी.एल.सी. घटक) अंतर्गत प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों के दस्तावेजों का मौके पर सत्यापन किये जाने के उपरांत पात्र हितग्राहियों की सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किये जाने के पूर्व दावे आपत्ति प्राप्त किये जाना है। हितग्राहियो के विरूद्ध किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक 27.10.2025 को समय 5 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि उपरांत किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। दावा आपत्ति आमंत्रण की जाने वाले हितग्राहियों की सूची नगर परिषद जावर एवं तहसील कार्यालय जावर के नोटिस बोर्ड पर आम चस्पा की गई है। जिसका अवलोकन कर निर्धारित समय अवधि में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद जावर**

### बीएसआई मैदान की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी

# मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के मैनेंजमेंट कमेटी के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आगामी दिनों में शहर के बीएसआई मैदान पर होने वाली जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के मैनेंजमेंट कमेटी के पदाधिकारियों और पदाधिकारियों ने मैदान के समतलीकरण आदि कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के निर्देश पर एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी सहित अन्य ने एमपीसीए मैनेंजमेंट कमेटी के अमिताब विजयवर्गीय, पिन्टू चतुर्वेदी, भोपाल क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव शांति जैन, हर्ष पांडे आदि का स्वागत डीसीए के कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, मनोज दीक्षित मामा, वरुण शर्मा, मदन कुशवाहा, कमलेश पारोचे, अतुल कुशवाहा, अतुल त्रिवेदी, आदर्श राय, नागेन्द्र व्यास, सुनील जलोदिया, हेमंत केसरिया, महेन्द्र शर्मा, आशीष शर्मा, अभिषेक परसाई आदि ने किया। शहर के एक मात्र क्रिकेट मैदान बीएसआई मैदान पर इन दिनों बारिश के पश्चात पौधारोपण और समतलीकरण कार्य किया जा रहा है।




यहां पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में बच्चे क्रिकेट का अभ्यास करने आते है और क्रिकेट अकादमियों के द्वारा यहां पर आने वाले खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी की देखरेख में मैदान के कायाकल्प का कार्य जारी है। आगामी दिनों में होने वाली प्रतियोगिता के बारे एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सीनियर खिलाड़ियों ने मैदान का निरीक्षण किया। दीपावली के पश्चात भोपाल क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से ट्रायल मैच और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### मैदान की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में यहां पर दो अकादमी में हर साल करीब दो सौ से अधिक खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी और पीपीसीए के कोच यहां पर आने वाले खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान करते आ रहे है। इस मौके पर एमपीसीए के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों से भेंट की। एसोसिएशन के सचिव श्री तिवारी ने बताया कि अध्यक्ष एवं विधायक श्री राय के विशेष प्रयासों से मैदान का कायाकल्प किया जा रहा है, इस मैदान पर होने वाली प्रतियोगिता के बल पर पिछले तीन साल में अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

**खबर संक्षेप**



### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 40 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का दौरा कार्यक्रम

**सीहोर।** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा 15 अक्टूबर को दोपहर 4 सीहोर जिले के ग्राम टिटोरा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात राजस्व मंत्री वर्मा शाम 5 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### दिव्यांगजनों को दिया गया उद्यमिता विकास प्रशिक्षण



**सीहोर।** दिव्यांगजनों में कौशल विकास बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बैंक ऑफ इंडिया के उद्यमिता विकास प्रशिक्षण केंद्र एवं जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा चिन्हित 28 दिव्यांगजनों को 10 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर अधिकारियों द्वारा उन सभी दिव्यांगजनों को परामर्श एवं मार्गदर्शन दिया गया जो अपना स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करना चाहते हैं। सभी दिव्यांगजनों को शासन द्वारा संचालित रोजगार-स्वरोजगार योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, ताकि वे इन योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने करने वाले सभी दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर उपसंचालक महेश यादव, आरसेटी निदेशक ओमप्रकाश प्रजापति, नवलकिशोर मालवीय सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं दिव्यांगजन उपस्थित थे।

### सबसे ज्यादा असर सर्राफा बाजार पर, ग्राहकों का इंतजार करते नजर आ रहे ज्वेलर्स

# बाजार में रौनक नहीं: महंगाई और ऑनलाइन के कारण प्रभावित हो रहा दुकानदारों का व्यापार

दिवाली के 6 दिन शेष, बाजारों में आशानुरूप ग्राहकी नहीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रोशनी का त्योहार दिवाली अब महज 6 दिन दूर है, लेकिन इस बार बाजारों में वैसी रौनक और उत्साह नदारद है, जिसके लिए यह त्योहारी सीजन जाना जाता है। रिकॉर्ड तोड़ महंगाई और ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन ने इस दिवाली शहर के पारंपरिक बाजार का माजरा बिगाड़ दिया है, जिसका सबसे ज्यादा असर सर्राफा पर दिखाई दे रहा है। सर्राफा बाजार में दिवाली से ठीक पहले सन्नाटा पसरा हुआ है। इसका मुख्य कारण सोना चांदी के भाव का आसमान छूना है। आज के सोने चांदी के भाव के अनुसार सोना (10 ग्राम) 24 कैरेट शुद्ध सोना 1 लाख 28 हजार 730 और 22 कैरेट आभूषण सोना 1 लाख 18 हजार के रिकॉर्ड स्तर पर है। इसी तरह चांदी (1 किलोग्राम) 1 लाख 63 हजार 970 से 1 लाख 73 हजार 125 प्रति किलोग्राम के बीच है।



### करवा चौथ से मिली निराशा

सर्राफा व्यापारी अमित सोनी ने बताया कि सोने चांदी के एक लाख रुपये के पार हो जाने से यह आम आदमी की खरीदी क्षमता शक्ति से बाहर हो गया है। ज्यादातर ग्राहक शगुन के हिसाब से सिक्का लेना ही पसंद कर रहे हैं, लेकिन सोनी चांदी के अन्य सामग्री से दूरी बनाए हुए हैं। बाजार में पारंपरिक दिवाली की चमक गायब है। करवाचौथ पर भी कारोबार उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। महंगाई की वजह से अब दिवाली से भी ज्यादा उम्मीद नहीं है।

### बिल्डर सेगमेंट भी फ्लॉप

खास बात यह है कि डेढ़ दशक में यह पहली दिवाली है जब शहर का बिल्डर सेगमेंट पूरी तरह फ्लॉप साबित हुआ है। इस सीजन में शहर में एक भी नई कॉलोनी की लॉन्चिंग नहीं हुई है। शहर को दो व्यवस्थित कॉलोनियां दे चुके बिल्डर सुदीप व्यास ने इस स्थिति के लिए महंगाई को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा महंगाई का असर है, लोगों की माइंड पावर खत्म हो गई है। व्यास ने बताया कि टीएनसीपी (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग) के नियमों और बढ़ती लागत के कारण प्रोजेक्ट महंगे हो गए हैं। उन्होंने बताया कि टीएनसीपी में 45-46 प्रतिशत जमीन सामान्य उपयोग के लिए चली जाती है। 40 फीट की रोड देनी होती है, जिससे विकास पर दुगना खर्च आ रहा है। विकास के बाद छोटे से छोटे प्लॉट की कीमत 7-8 लाख रुपए तक पहुंच जाती है, जो आम आदमी के लिए खरीदना मुश्किल हो रहा है।

### ऑनलाइन शॉपिंग का असर

कुल मिलाकर महंगाई की दोहरी मार और ऑनलाइन शॉपिंग की सुविधा ने इस साल दिवाली के उत्साह को कम कर दिया है। बता दें लोग घर बैठे-बैठे ही ऑनलाइन शॉपिंग कर ले रहे हैं, बाजार से दूरी बनाए हुए हैं, जिसकी वजह से इस दिवाली पहले जैसा माहौल नजर नहीं आ रहा है।

## रोजगार मेले में 108 युवाओं का हुआ प्रारंभिक चयन

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार शासकीय आईटीआई सीहोर में रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में 193 युवक एवं युवतियों ने अपना पंजीयन कराया। इसमें से 13 कंपनियों द्वारा 108 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। रोजगार मेले में सभी युवाओं को जिला रोजगार कार्यालय के काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा काउंसलिंग भी की गई। रोजगार मेले में अनेक स्वरोजगार विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए एवं नए प्रकरण तैयार किए गए। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सुरेन्द्र राजपूत, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, आईटीआई प्राचार्य प्रकाश सिंह उइके, प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव उपस्थित थे।



## देवास में सेवादल की प्रभावी सद्भावना संकल्प यात्रा रैली में जिलाध्यक्ष खंगराले के नेतृत्व में पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ता

**सीहोर।** सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव ने बताया कि देवास में सेवादल की प्रभावी सद्भावना संकल्प यात्रा रैली में सेकड़ों की संख्या में जिले से सेवादल कांग्रेस पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। स्थानीय शिवाजी पार्क से एक सद्भावना संकल्प यात्रा देवास सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह दरबार एडवोकेट के नेतृत्व में शहर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई। इस यात्रा में सेवादल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी भाई देसाई, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव, पूर्व विधायक कैलाश कुंडल आदि शामिल हुए। इस अवसर पर खंगराले ने बताया कि सर्व प्रथम श्री देसाई ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात यात्रा प्रारंभ होकर मल्हार समिति मंदिर पहुंची जो आम सभा के रूप में परिवर्तित हुई। यहाँ पर हजारों की संख्या में सेवादल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल भाई देसाई ने संबोधित करते हुए कहा कि सेवादल एक ऐसा संगठन है, जिसने आजाद की लड़ाई में भाग लिया।

सेवादल एक अनुशासित संगठन होने के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी की रीढ़ की हड्डी है, जो पार्टी के लिये दिन-रात काम करता है। हमारा मकसद है देश में सद्भावना और शांति कायम करना। हमारा प्रयास होगा कि हम हर जिले में सेवादल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित करें एवं देश प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा युवा तैयार कर सकें, जो साम्प्रदायिक ताकतों से डटकर मुकाबला कर देश को मजबू बनाने में अपनी अहम् भूमिा निभाये। इसी के साथ पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि हमको साम्प्रदायिक तकतों से मुकाबला कर सेवादल को मजबूत करना है। हम सबका दायित्व है कि सेवादल कांग्रेस को कन्धा से कन्धा मिलाकर उसको ताकत प्राप्त करें। कार्यक्रम को सेवादल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव ने भी अपने विचार व्यक्त कर सेवादल को मजबूती प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर सेवादल यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गज्जु तिवारी इटारसी, देवास जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, पूर्व महापोर जयसिंह ठाकुर, रेखा वर्मा, मनोज रजानी, वसीम हूसेन, मंसूर शेख, सेवादल शहर अध्यक्ष राधाकिशन सौलंकी, गुलाब सिंह ठाकुर आदि शामिल रहे साथ ही कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सीहोर जिले के कर्मठ कार्यकर्ता सेवादल जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरपाल ठाकुर, कमल सिंह पहलवान सेंधव ठाकुर मेतवाड़ा, गणेश तिवारी, डॉ. जितेन्द्र चन्द्रवंशी, धीरज सिंह ठाकुर, दीपक सोनकर, मांगीलाल टिमरई, पूर्व सरपंच नन्दकिशोर मालवीय, प्रेमनारायण परमार, जसवंत सिंह, भागीरथ कटारे, नर्बदा प्रसाद बकोरिया, कमल सिंह सूर्यवंशी, रामचरण दसलानिया आदि सेवादल के कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।



## दोस्त पर जानलेवा हमला कर भागा इंजीनियर 24 घंटे में गिरफ्तार

**15 लाख की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर दिया वारदात को अंजाम**

**सीहोर।** भोपाल-इंदौर मार्ग पर हुए जानलेवा हमले की गुत्थी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है और आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। ब्लैकमेलिंग से तंग आकर अपने ही दोस्त पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी इंजीनियर गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं हमले में गंभीर रूप से घायल पीड़ित भोपाल के अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 13 अक्टूबर की शाम लगभग 5.30 बजे ग्वालियर निवासी पंजाब सिंह अपने मित्र दिनेश धनगर के साथ वेन्यू कार से इंदौर जा रहे थे। चौपाल सागर के पास मोटरसाइकिल सवार हिम्मत सिंह मीणा (जो हेलमेट पहने था) ने उन्हें रुकने का इशारा किया। जैसे ही पंजाब सिंह कार से नीचे उतरे आरोपी ने उन पर रॉड से सिर पर वार कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से पीड़ित बेहोश होकर गिर पड़ा। आरोपी कार की चाबी छीनकर मौके से फरार हो गया था। घायल पंजाब सिंह को तुरंत जिला अस्पताल सीहोर ले जाया गया।

### इंजीनियर दोस्त निकला आरोपी

पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला के निर्देशानुसार एएसपी सुनीता रावत और नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में मंडी थाना प्रभारी सुनील मेहर और कोतवाली थाना प्रभारी रविन्द्र यादव के नेतृत्व में गठित टीमों ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। एफएसएल और सायबर सेल की तकनीकी मदद से आरोपी की पहचान हिम्मत सिंह मीणा (इंजीनियर) निवासी कुरावर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को कुरावर से हिरासत में लेकर पूछताछ की।

### 15 लाख की ब्लैकमेलिंग का खुलासा

पूछताछ में आरोपी हिम्मत सिंह मीणा ने ने बताया कि पीड़ित पंजाब सिंह गुर्जर पिछले कुछ महीनों से उसे ब्लैकमेल कर रहा था। ब्लैकमेलर पंजाब सिंह ने आरोपी इंजीनियर की फर्जी बीएड की मार्कशीट की जानकारी हासिल कर ली थी और उसे नौकरी से बर्खास्त करवाने की धमकी दे रहा था। इस धमकी के एवज में वह इंजीनियर से लगातार 15 लाख की मोटी रकम की मांग कर रहा था।

### भोपाल से ही किया पीछा

ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर इंजीनियर हिम्मत सिंह ने 13 अक्टूबर को भोपाल से पंजाब सिंह की गाड़ी का पीछा किया और मौका देखकर उस पर रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हमले में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और रॉड जब्त कर ली है। बता दें गंभीर रूप से घायल पंजाब सिंह को इलाज भोपाल के अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## मुंगावली की दिव्यांग छात्रा ने राज्य स्तर पर अपना परचम लहराया

**सीहोर।** निरंतर प्रयास, दृढ़ निश्चय, लगन, आत्मविश्वास के बल पर असंभव को भी संभव किया जा सकता है। इसका जीता जागता उदाहरण मुंगावली की मूक बधिर छात्रा नेहा कुशवाहा है। जिसने नर्मदापुरम में आयोजित राज्य स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में एकल अभिनय में द्वितीय स्थान प्राप्त कर संभाग व जिले का नाम रोशन किया। इस अवसर पर नर्मदापुरम संभाग संयुक्त संचालक, विधायक, सांसद दर्शन चौधरी, शा उमा वि प्राचार्य अर्चना मिश्रा द्वारा छात्रा को पुरस्कृत किया गया!



इस मूक बालिका की आवाज बनी शिक्षिका ज्योति त्यागी जिन्होंने अपनी सकारात्मक सोच से इस बालिका के आत्मविश्वास को बढ़ाया और इस बालिका को राज्य स्तर तक पहुंचने में अपना मार्गदर्शन दिया, ऐसे शिक्षकों को नमन! नेहा के पिताजी रामचंद्र कुशवाहा एक मजदूर है।

उन्होंने पुत्री की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए शिक्षिका ज्योति त्यागी, जितेंद्र बड़ोदिया, पूजा गांधी व स्टाफ सदास्यो को धन्यवाद प्रेषित किया व संस्था प्राचार्य संस्था आर डी सोलंकी, राजेश कसोटिया, भैरव सिंह शाक्य, रितेश राठौर, ओ पी शर्मा अंजू डोग्ने, प्रमोद खत्री, रेखा विश्वकर्मा, सुनीता भदोरिया, घनश्याम डोग्ने, घनश्याम मोहनिया, मुकेश सिसोदिया, देवेंद्र, हेमंत, गौरीशंकर द्वारा छात्रा को शुभकामनाएं दी गई।

### सीएम ने स्वच्छता सम्मान समारोह में नपाध्यक्ष को दिया पुरस्कार

# नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने स्वच्छता सम्मान को बताया क्षेत्रवासियों की जिम्मेदारी का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्वच्छ सर्वेक्षण के कारण स्वच्छता एक जन-आंदोलन बन गई है, जहां लोगों ने इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना लिया है और लगातार अपने वार्डों को साफ रखने का प्रयास करते हैं। स्वच्छता से समृद्धि आती है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे जन आंदोलन बनाया। जिसके कारण आज सीहोर शहर के लिए गौरममय क्षण है कि स्वच्छता सम्मान के लिए प्रदेश में नगर पालिका में हम सबकी नगर पालिका अव्वल आई है और आगामी दिनों में सामूहिक प्रयास से देश में प्रथम आऐंगे। उक्त विचार नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह में पुरस्कार ग्रहण करते हुए कहे।




मंगलवार को भोपाल स्थित रविन्द्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह में सीहोर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में एवं राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी द्वारा पुरस्कृत दिया गया। यह पुरस्कार सीहोर स्वच्छता में 6वां स्थान एवं नगर पालिकाओं में प्रथम स्थान आने हेतु प्राप्त हुआ है। यह सम्मान सीहोर नगर की देवतुल्य जनता, परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर सिंह, स्वच्छता सभापति एवं पार्षद साथी मुकेश मेवाड़ा, स्वच्छता अधिकारी अमित यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पुरस्कार ग्रहण करने के पश्चात नपाध्यक्ष श्री राठौर ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि सब मिलकर स्वच्छ सीहोर, सुंदर सीहोर के संकल्प को आगे बढ़ाएं। कचरा प्रबंधन को लेकर सकारात्मक सोच के साथ काम करते रहेंगे।

वहीं नगर पालिका सीएमओ श्री सिंह ने कहाकि स्वच्छता केवल बाहरी सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक और आध्यात्मिक स्वच्छता का भी प्रतीक है। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इसका मकसद लोगों में व्यवहार परिवर्तन लाना, स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। घर, मोहल्ले, गांव और शहर को स्वच्छ रखने और इस सामाजिक जिम्मेदारी को निभाने के लिए प्रेरित किया।

### आयुक्त ने किया स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण, दिए निर्देश


**देवास।** शहर की सफाई व्यवस्था मे कसावट लानें के उद्धेश्य को लेकर आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा सोमवार को विभिन्न कालोनी क्षेत्रों के वार्डो का प्रातःकालीन आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा वार्ड 9, 10, 11, 26, 27, 28 मे निरीक्षण के दौरान घरों घर कचरा संग्रहण गाड़ियों का भी वार्डो मे निरीक्षण कर गीले, सुखे कचरे के प्रथक्कीकरण को भी देखा गया। साथ ही चालक एवं सहायकों को मौके पर सख्त निर्देश जारी किए गए कि वार्डो मे समयानुसार कचरा वाहनों का संचालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त के द्वारा वार्डों मे दरोगाओं को सख्त निर्देश जारी किए गए कि वे अपने अधीनस्थ सफाई मित्रों को सौंपे गए क्षेत्रों मे व्यापक रूप से सफाई कार्य करवाने हेतु प्रेरित करे और उन पर नियंत्रण रखें तथा उनकी उपस्थिति भी समयानुसार दर्ज करें तथा अपने वार्ड क्षेत्रों मे किसी भी प्रकार का कचरा पाईंट निर्मित नहीं होंने दें। आयुक्त के निरीक्षण के दौरान निगम स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक हेमन्त उबनारे, स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार, प्रवीण खरे व वार्ड दरोगा उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### विधायक निधि से 54 कार्यों की राशि स्वीकृत

**आष्टा।** आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अपने ग्रामीण क्षेत्र के दौरे एवं भ्रमण के दौरान विभिन्न ग्रामों में जो निर्माण एवं विकास कार्यों की घोषणाएं की थी,उसमे से 54 कार्यो हेतु विधायक निधि मद 2025-2026 में से 82 लाख 70 हजार की राशि स्वीकृत की । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अपनी विधायक निधि योजना मद से वर्ष 2025-26 से टीन शेड निर्माण,चबूतरा निर्माण,बाउंड्रीवाल निर्माण,अतिरिक्त कक्ष निर्माण सहित अन्य 54 निर्माण एवं विकास कार्यो हेतु अपनी विधायक निधि से 82 लाख 70 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की। विधायक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति अनुसार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में दौरा एवं भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की मांग पर विभिन्न कार्यों के लिये राशि की घोषणा की गई थी जिसके तहत विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज अपनी विधायक निधि योजना मद 2025-26 से आष्टा विधानसभा क्षेत्र के आष्टा नगर, एवं ग्रामीण अंचलों के ग्रामो के लिए जो राशि की घोषणा की थी आज उस राशि की स्वीकृति प्रदान की गई । इस संबंध में आज जिला योजना अधिकारी सीहोर को एक पत्र लिख कर राशि एवं कार्यो को स्वीकृत करने की अनुशंसा की । जल्द ही स्वीकृत की गई राशि सम्बंधित एजेंसी के खाते में पहुचेगी।

### कांग्रेस नेता चेतन के पिता का निधन



**आष्टा।** इलाके के कांग्रेस के नेता चेतन सिंह ठाकुर सेमली बारी, स्व. जितेंद्र सिंह , भाई तेज सिंह ,भाई योगेन्द्र सिंह के पिता और विशाल, रोहित, यश, रोहन, लक्की के दादा अके सिंह रावत का सोमवार को बीमारी के चलते दिन आकस्मिक निधन हो गया था । श्री ठाकुर सेंधव क्षत्रिय समाज के आधार स्तंभ थे वही समाज के प्रेरणा स्रोत थे और अपने सरल एवं सहज स्वभाव के लिए जाने जाते थे।इनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।इस दौरान सेंधव क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन सिंह चौहान ,समाज के राष्ट्रीय सचिव कृपाल सिंह अगेरा ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सिंह ऑपरेटर, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ओंकार सिंह खेंयपुरा, भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल जवार ,पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान ,कांग्रेस नेता एचआर परमार,वर्तमान जिला पंचायत सदस्य महें सिंह तलोद सहित शामिल लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बस को आयशर वाहन ने टक्कर मारी, तीन घायल

**देवास।** सिया में सोमवार को एक अनियंत्रित आयशर वाहन ने आगे चल रही बस को टक्कर मार दी, जिससे बस में सवार तीन यात्री घायल हो गए। टक्कर के बाद आयशर वाहन सडक़ पर पलट गया और पीछे आ रही एक कार भी उसकी चपेट में आ गई। यह हादसा बीएनपी थाने के अंतर्गत सिया के समीप दोपहर बाद हुआ।

## नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस पार्षदों के हस्ताक्षर युक्त पत्र के साथ की शिकायत

# अटल प्रतिमा में हुए भ्रष्टाचार की जांच की उठाई मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

एसडीएम ने कहा जल्द जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा के इकलौती वो शख्शियत हैं जिन्होंने भाजपा को जमीन से सत्ता के शिखर पर पहुंचाया। जनसंघ, जनता पार्टी और बाद में बीजेपी की नींव रखने वाले चेहरों में से एक नाम स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का भी है 6 अप्रैल 1980 को बीजेपी का गठन हुआ था और एक राजनीतिक दल के रूप में पहले लोकसभा चुनाव में पार्टी के खाते में महज दो सीटें ही आई थी इसके बावजूद स्वर्गीय वाजपेयी ने हार नहीं मानी और उन्होंने कहा था, 'अंधेरा छंटेगा, सुरज निकलेगा, कमल खिलेगा.' इसी का नतीजा है कि मौजूदा समय में केंद्र की सत्ता से लेकर देश के 12 से ज्यादा राज्यों में बीजेपी की सरकार हैं और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय जनता पार्टी के आधार स्तंभों में से एक थे जिन्होंने बीजेपी में प्राण फूंकने का काम किया था और कांग्रेस के तिलिस्म को तोड़ने में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की अहम भूमिका थी। लिहाजा वे पहले ऐसे गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री बने थे। वहीं आज बीजेपी भले ही अपने सुनहरे काल में चल रही हो लेकिन अटल विचार कहीं न कहीं खोती जा रही है बीजेपी अटल विचार से उलट चल रही है। इसका उदाहरण जिले की आष्टा विधानसभा में देखने को मिल रहा है जहां भाजपा की हेमकुंवर मेवाड़ा की नगर सरकार ने अपने ही आधार स्तंभ भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी की सबसे ऊंची प्रतिमा को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। जिले सहित पूरे प्रदेश में भाजपा की किरकिरी हो रही है। ऐसे में कांग्रेस के नेता भी लगातार अटल प्रतिमा के भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा पर निशाना साध रहे है जहां बीते दिनों कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा तमाम कांग्रेसियों के साथ आवास कॉलोनी स्थित अटल प्रतिमा की हकीकत देखने पहुंचे थे तो भाजपा पर अपने आधार स्तंभ अटल बिहारी की प्रतिमा पर भ्रष्टाचार की कालिख पोतने के आरोप लगाए थे तो वही कांग्रेस वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरपाल सिंह ठाकुर ने भी ट्वीट करते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुप्रीमो मोहन भागवत से अटल प्रतिमा के भ्रष्टाचार पर कार्यवाही करने की मांग उठा चुके हैं। ऐसे में मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष राजकुमार मालवीय ने कांग्रेस के पांचों पार्षदों के हस्ताक्षर युक्त पत्र के द्वारा तहसील कार्यालय पहुंच



एसडीएम नितिन टाले को लिखित शिकायत करते हुए प्रतिमा में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग उठाई है।

### 42 फिट ऊंची प्रतिमा, 60 लाख रुपए लागत की अनावरण से पहले हुई जर्जर

आवास कालोनी में लगी अटल प्रतिमा देश की सबसे ऊंची प्रतिमा बताई जा रही है जिसकी ऊचाई 42 फिट है वही इसके प्लेटफार्म की ऊचाई 12 है जिसकी कुल ऊंचाई 54 फिट के लगभग है और जिसकी लागत 60 लाख रुपए से अधिक की अनुमानित बताई जा रही जिसका ढाई टन वजनी के लगभग और बहुत मजबूती का दावा किया गया था लेकिन महज कुछ महीनों में ही 60 लाख रुपए लागत की स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा जर्जर हालत में पहुंच गई है वही इसमें बड़े भ्रष्टाचार करने के आरोप लग रहे हैं। लिहाजा उक्त प्रतिमा को जांच के दायरे में लाने की मांग लंबे समय से उठ रही है ऐसे में कांग्रेस की एसडीएम को लिखित शिकायत के बाद अटल प्रतिमा में हुए भ्रष्टाचार की जांच की उम्मीद की किरण जागी है। आपको बता दें कि प्रतिमा को लगे दो वर्ष से ज्यादा का समय बीत चुका है और अब तक प्रतिमा का अनावरण तक नहीं हुआ है ऐसे में शहर के नागरिक सहित कांग्रेस भी इस मामले पर कार्यवाही की मांग उठा रहे हैं।

### सुबह कांग्रेस नेता ने किया ट्वीट, दिन में हुई लिखित शिकायत

अटल प्रतिमा में हुए भ्रष्टाचार को लेकर सुबह वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरपाल सिंह ठाकुर ने एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सहित संघ प्रमुख मोहन भागवत को ट्वीट करते हुए लिखा है की आष्टा नगर



पालिका ने भ्रष्टाचार की सारी सीमा पार कर दी है और हद तो इस बात की है कि भाजपा के पितृ पुरुष पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा में भी भारी भ्रष्टाचार हुआ है क्या पीएमओ इंडिया और सीएम मध्य प्रदेश जांच करने का साहस दिखा पाएगा। वही दिन में नेता प्रतिपक्ष वार्ड 3 पार्षद राजकुमार मालवीय ने अपने चारों पार्षदों जाहिद खान, हिफजुर रहमान भैया मियां , मोहम्मद अंसारी तस्कीन शेख के हस्ताक्षर युक्त पत्र एसडीएम को सौंप कर जांच और कार्यवाही की मांग उठाई है।इस दौरान पूर्व पार्षद वरिष्ठ कांग्रेस नेता घनश्याम जांगड़ा भी मौजूद रहे। अब देखना यह है कि उक्त मामले पर लिखित शिकायत के बाद प्रशासन आगे क्या कार्रवाई करता है।

**जांच टीम गठित कर, करेंगे कार्रवाई**

कांग्रेस के पार्षदों ने लिखित में शिकायत दर्ज कराई है और मूर्ति में भ्रष्टाचार के जांच की मांग की है हम जल्द ही जांच टीम बनाएंगे और निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने पर सख्त कार्यवाही करेंगे।

**नितिन कुमार टाले,** एसडीएम आष्टा

# सांसद और विधायक पहुंचे कोठरी के बाजार में

**स्वदेशी सामान खरीदने, बेचने की अपील**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देवास लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी एवं आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वदेशी के संदेश को लेकर कोठरी पहुचे । अपनी विधानसभा क्षेत्र में आगमन होने पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अगवानी कर सांसद का स्वागत सम्मान किया । भाजपा कोठरी मंडल में स्वदेशी को लेकर चल रहे जन जागरण अभियान के अंतर्गत सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर मंडल अध्यक्ष देवजी पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, नप अध्यक्ष उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति, युवराजसिंह, सतीश सोनानिया, विशाल चौरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपेश पटेल, जितेन्द्र आजाद, सुनील केलिया सहितसभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, बाजार में दुकान-दुकान पहुंचे और स्वदेशी ही अपनाये, स्वदेशी सामान ही खरीदे बेचे, को लेकर व्यापारियों, ग्राहकों को जागरूक कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे स्वदेशी अपनाओ अभियान की जानकारी दी। अभियान के अंतर्गत स्थानीय दुकानों पर "हमारे यहाँ भारत में बना स्वदेशी सामान मिलता है स्वदेशी सामान ही खरीदे के स्टीकर चस्पा किये। इस अवसर पर सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कोठरी के सभी व्यापारी भाईयों,नागरिको से अपील की है कि अपने व्यापार में एवं दैनिक जीवन के उपयोग में स्वदेशी वस्तुओं का ही अधिक से अधिक उपयोग करे। स्वदेशी उत्पादको का उपयोग कर वोकल फ़ॉर लोकल के संकल्प को मज़बूती प्रदान करें। हमारे द्वारा स्वदेशी के मूलमंत्र को अपनाने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे स्वदेशी अभियान से न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त होगी बल्कि हमारा आत्मनिर्भर भारत का सपना भी साकार होगा। इस अवसर पर सभी ने कोठरी में चाय की दुकान पर चाय का सेवन कर चाय वाले को डिजिटल भुगतान किया।

### युवक की सड़क हादसे में मौत, मामला दर्ज किया

**देवास।** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह घटना तब हुई जब युवक अपने घर लौट रहा था। जानकारी के अनुसार, संजय नगर का रहने वाला रवि पुत्र ओमप्रकाश राजपूत स्कूटी से गैल गैस चौराहे की ओर से घर जा रहा था। तभी सामने से आ रही एक लोडिंग रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद लोडिंग ऑटो के कांच टूट गए। रवि को डायल 112 की मदद से जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद लोडिंग ऑटो के कांच टूट गए। रवि को डायल 112 की मदद से जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अविवाहित था।

# घोष की ताल पर स्वयंसेवकों ने कदमताल करते हुए नगर में निकाला पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

अवंतीपुर बड़ोदिया मंडल के अंतर्गत आने वाले 10 ग्राम गिगलाखेड़ी, देवनखेड़ी, नेवजखेड़ी, खेरखेड़ी, रामपुर पवाडीया, अवंतीपुरा, शंभूपुरा, लालपुरा, नयापुरा, एवं बड़ोदिया का शताब्दी वर्ष पथ संचलन 12 अक्टूबर को मंडल अवंतीपुर बड़ोदिया में अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ।

मंचासीन लखनलाल जावरिया खण्ड संघचालक पोलायकला, कार्यक्रम के अध्यक्ष नाथूलाल माहेश्वरी वरिष्ठ स्वयंसेवक, धीरजसिंह सैंधव मंडल कार्यवाह एवं मुख्य वक्ता दिनेश प्रजापति जिला प्रचार प्रमुख रहे। पथ संचलन मानस भवन से प्रारंभ हुआ जो गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः मानस भवन में संपन्न हुआ। घोष की ताल पर स्वयंसेवक कदमताल करते हुए निकले एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति व ग्रामीण जनों ने पुष्पवर्षा के साथ स्वयंसेवकों का स्वागत किया व मातृ शक्तियों ने अपने आंगन एवं मार्ग में रंगोलिया सजाकर मार्ग को सुंदर बनाने का कार्य किया।

मंडल के वरिष्ठजन व मातृ शक्ति बौद्धिक कार्यक्रम को सुनने व देखने उपस्थित रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता द्वारा संघ के 100 वर्षों के संघर्ष, पंच परिवर्तन, मर्यादा पुरषोत्तम राम के जीवन से राष्ट्र सेवा कुटुंब प्रबोधन व सामाजिक समरसता आदि पंच परिवर्तन की सीख जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरक उद्बोधन दिया।यह पथ संचलन संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर समाज में जागृति एवं संगठन की भावना को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# विधायक ने कोठरी और निपानिया कला के स्कूलों में विद्यार्थियों को वितरित की निशुल्क सायकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा


पहले एक गांव से दूसरे ग्राम जाने के बालिकाओं के लिये कोई साधन नही होने के कारण वे अपने ग्राम के स्कूल में ही पढ़ाई कर पाती थी,उच्च पढ़ाई के लिये दूसरे ग्राम जाने के लिये साधन के अभाव में वे पढ़ाई में आगे नही जा पाती थी । भाजपा की सरकार जब आई तब बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये, बालक भी ओर आगे पढे,सब आगे बढे के लिये सरकार ने निशुल्क सायकल वितरण योजना शुरू की। लक्ष्य तय कर विद्यार्थी आगे बढे,लक्ष्य पाने तक बिना रुके,बिना थके आगे बढ़ते रहे। उक्त उदगार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा अनुविभाग के ग्राम कोठरी एवं निपानिया कलॉ के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंड्री के कक्षा 6 एवं 9 के सभी पात्र विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री निशुल्क सायकल वितरण योजना के अंतर्गत सायकलों का वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों से कहे। विधायक ने कहा की सरकार की इस योजना का उद्देश्य राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है। इस योजना के तहत, 6वीं और 9वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्रों को निःशुल्क साइकिलें दी जाती हैं । इस योजना का लाभ उन विद्यार्थियों को प्राप्त होता है जिनके गांव में हाई



स्कूल नहीं है या जो 2 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित स्कूल में पढ़ते आते हैं । इस योजना लाभ उन पात्र को मिलता है जो सरकारी स्कूलों में 6वीं और 9वीं कक्षा में प्रवेश लेते है। व जिन छात्रों के गांव में हाई स्कूल नहीं है और उन्हें दूसरे गांव में पढ़ने जाना पड़ता है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के कुशल नेतृत्व में बेटियों को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने की दिशा में निशुल्क सायकल वितरण एक बड़ा सशक्त कदम है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ सभी पालकों से विधायक ने आव्हान किया कि वे स्कूल परिसर में,घर आंगन में,खेत पर एक पेड़ मॉ के नाम जरूर लगाये,त्योहार आ रहे है आप जब भी दीपावली की खरीदी करने जाये तो दीपावली पर स्वदेशी वस्तुएं ही खरीदे ताकि आपके द्वारा खरीदे समान से हमारे दूसरे भाई की भी दीपावली अच्छी मने। विधायक के हाथों कोठरी में 50 व निपानिया में 20 पात्र विद्यार्थियों को निशुल्क सायकल वितरित की गई। इस अवसर पर सोनू गुणवान, भाजपा मंडल अधयक देवजी पटेल,राधेश्याम कासन्या, रूपेश पटेल, युवराजसिंह,सतीश सोनानिया, सुनील केलिया, जितेंद्र आजाद बीआरसी अजबसिंह राजपूत, बीईओ, प्राचार्य तिर्की मेडम, मुकेश चित्तोड़ा सहित सभी शिक्षक, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी आदि बड़ी संख्या में उपस्तिथ रहे।

## गांव खजूरिया में 10 दिवसीय गरबे का हुआ समापन

# बमुलिया में युवाओं ने सजाया फूलों से अम्बे का दरबार



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ग्राम बमुलिया रायमल में चल रहे 5 दिवसीय गरबे का कार्यक्रम में पंचम दिवस को महाआरती की गई पुरे गांव वासियों ने हर घर से सजाई आरती की थाली और मां अम्बे के दरबार में महाआरती में सामिल हुए पुरे गांव में बड़े ही धूमधाम से ढ़ोल नगाड़ों के साथ जूलूस निकालकर मां अम्बे के दरबार में पहुंचे और महाआरती के पश्चात तुलादान भी किया गया उसके पश्चात गरबे का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ कलाकारों ने अपनी कलाएं दिखाई गांव के वरिष्ठ जन बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि मां अम्बे के दरबार में बहुत पिंडियों से चली आ रही गरबे की परंपरा और जो भी अपनी मन्नत मांगता है वह मन्नत पूरी होती है तो वह तुलादान करवाता है और महाप्रसादी , एवं गरबे का कार्यक्रम करवाता है।



### रामलीला का हुआ मंचन

समीपस्थ ग्राम खजुरिया जावर में न्यू संतोष रामलीला मंडल प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रामलीला का मंचन हुआ पिंटू पटेल ने बताया कि 10 दिन से चल रहे मां जगदंबा के गरबे में राजस्थान से हर वर्ष अलग अलग डांसर आते हैं। कलाकार कार्यक्रम में अपनी कला से शानदार प्रस्तुति देते हैं। वहीं ग्राम खजुरिया में पर रामलीला का आयोजन भी संतोष रामलीला मंडल द्वारा किया जाता है एवं मां जगदंबा की साई कालीन पांच आरती की जाती है मां भगवती के दरबार में सभी की मनोकामना पूर्ण होती है प्रतिदिन मां जगदंबा के दरबार में तुलादान होते हैं एवं प्रतिदिन 4 से 5 क्विंटल की प्रसादी वितरण की जाती है सोमवार को बड़े ही धूमधाम से हर्ष उल्लास के साथ सभी ग्रामवासी ने मिलकर मां भगवती का विसर्जन किया।

# केंद्रीय कमेटी ने तहसील अध्यक्ष का दायित्व जीवन सिंह ठाकुर को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सैंधव राजपूत समाज धार्मिक ट्रस्ट उज्जैन की बैठक श्री राम मंदिर धर्मशाला देवासगेट उज्जैन में आयोजित की गई, उक्त बैठक में समाज उत्थान एवं विकास पर विभिन्न तहसील से आए सामाजिक बन्धुओं ने विस्तृत चर्चा की साथ ही सामाजिक संगठन का विस्तार करते हुए आष्टा तहसील की कार्यकारिणी का गठन कर अध्यक्ष पद पर कर्तव्यनिष्ठ एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी जीवन सिंह ठाकुर (शोभाखेड़ी) अध्यक्ष, राजेन्द्र सिंह ठाकुर अरनिया राम को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष डा. रतन सिंह भाटी,



उपाध्यक्ष धीरज सिंह ठाकुर, गजराज सिंह ठाकुर सचिव, चन्दर सिंह ठाकुर गवाखेडा, सचिव विश्राम सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया। श्री ठाकुर की नियुक्ति पर अनेक सामाजिक बन्धुओं ने बधाई प्रेषित की एवं केंद्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया।